राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राजकीय विद्यालय के बच्चों ने की हवाई यात्रा

राज्यपाल ने जयपुरी रजाई व स्वटेर भेंट किये

निडर रहे, सही दिशा में चलें

– राज्यपाल

—

जयपुर, 12 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि '' मैं गांव में पैदा हुआ। वहीं पला – बढ़ा । गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ा। घर से सात किलोमीटर पैदल चलकर पढ़ने जाता था। रास्ते में नदी थी, जिसे पार करना पडता था। सुबह चार बजे उठता था। उन्होने कहा कि '' मै कभी किसी से डरा नही। चुनौतियों का मुकाबला किया।

राज्यपाल श्री मिश्र गुरूवार को प्रातः यहां राजभवन में उनसे मिलने आये बच्चों को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री मिश्र ने दिल्ली के कैलाश नगर के राजकीय सर्वेदय विद्यालय के छात्रों को स्वेटर व जयपुरी रजाई भेंट की।

स्कूल के पुराने छात्र श्री सत्येन्द्र त्रिपाठी, श्री दीपक शर्मा और श्री संजय कौल ने वर्तमान में पढ़ रहे बच्चों के दल को हवाई जहाज से दिल्ली से जयपुर की यात्रा कराई। यह दल जयपुर में विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेगा।

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल